हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री


13 सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता पाठशाला का...


14 एक राष्ट्र, एक चुनाव से बनेगा सशक्त और स्थिर भारत...

लंबे समय बाद इतना कम हुई अवैध वसूली, भवन निर्माताओं को राहत की उम्मीद

## रेत खदानों में रेट कॉम्पिटिशन का असर, दर डेढ़ सौ रुपए घटी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अवैध रेत खदानों में अब रेट काम्पिटिशन शुरू हो गया है। कभी ट्रैक्टरों में रेत लोडिंग के लिए 300 रुपए वसूला जाता था। काम्पिटिशन के चलते अब वह 50 रुपए तक उतर आया है। सालों बाद रेत के लिए वसूली इतनी कम हुई है। इसका फायदा मकान निर्माताओं और मटेरियल सप्लायरों को हो रहा है।

धमतरी जिला अब खनिज माफिया का गढ़ बन गया है। यहां पर रेत खदान में मनमाने ढंग से उत्खनन का खेल चल रहा है। जिले के ज्यादातर रेत खदान तो अवैध हैं। गांव से सेटिंग कर ठेकेदार इन रेत खदानों का संचालन कर रहे हैं। रेत निकालने के लिए अब ट्रैक्टरों से मनमाने ढंग से वसूली की जा रही है। इसमें से एक रुपया भी शासन के खजाने नहीं जा रहा है। अछोटा, कोलियारी, अमेठी सहित अन्य खदानों में अब तक ठेकेदार साठगांठ कर खदानों को चला रहे हैं। अब इनके बीच सामंजस्य की कमी है, जिसके चलते ट्रैक्टर संचालकों को आकर्षित करने के लिए रेट काम्पिटिशन शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले तक शहर के पास में अमेठी, अछोटा खदान चल रहा था। अब कोलियारी रेत खदान भी चालू हो गया है। अमेठी अछोटा खदान एक ही ठेकेदार द्वारा संचालित था। जहां से ट्रैक्टर संचालकों को 200 रुपए प्रति ट्रिप वसूली की जा रही थी।

कोई दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण ट्रैक्टर संचालक इसी खदान से रेत भरते थे। कोलियारी खदान शुरू हुई तो वहां पर प्रति ट्रिप 100 रुपए वसूली की जाने लगी। इससे ट्रैक्टर संचालक कोलियारी खदान में जाने लगे। अछोटा, अमेठी में घटती ट्रैक्टरों की संख्या को देखते हुए वहां ठेकेदार ने रेट कम करके 100 रुपए कर दिया। अब इसे और घटाकर 50 रुपए कर दिया गया है।

### गिट्टी के दाम बढ़े

रेत में तो भले ही आंशिक राहत मिली हो लेकिन भवन निर्माताओं को बाकी मटेरियल के दाम रूला रहा है। सीमेंट, छड़ के दाम तो लगातार बढ़ते क्रम में है। अब तो गिट्टी के दाम भी बढ़ गए हैं। जानकारी के अनुसार मंदिर हसौद से गिट्टी आती है। वहां हड़ताल और शार्टेज के चलते दाम बढ़े हुए हैं। अब तक 28 रुपए वर्ग फुट में गिट्टी आ रही थी। जो बढ़ गई है। अब तक रेट क्लीयर नहीं हुआ है। सूत्र बताते हैं कि गिट्टी के दाम में 3 रुपए वर्गफुट की बढ़ोत्तरी हो सकती है। ऐसे में गिट्टी प्रति हाइवा 2000-3000 रुपए महंगा हो सकता है।

### अपना क्या जाएगा

इन अवैध खदानों से रेत निकालने पर जो वसूली आती है उसे ठेकेदार सहित अन्य लोग आपस में बंदरबाट करते हैं। शासन को एक फूटी कौड़ी इसमें से नहीं मिलता है। ऐसे में ठेकेदार और अन्य लोगों का कुछ तो जाता नहीं है। रेत तो महानदी में भरपूर है। ऐसे में रेट कम करने से भी वे खुश हैं। खदान में ट्रैक्टर जितना ज्यादा लगेगा, उतना ही उन्हें फायदा होगा। यही कारण है कि खदानों में रेट काम्पीटिशन करने से भी ठेकेदार पीछे नहीं हट रहे हैं।

### भवन निर्माताओं को मिलेगा लाभ

वर्तमान में बड़ी संख्या में पीएम आवास बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त लोग स्वयं की लागत मकान बनवा रहे हैं। ऐसे में रेत डिमांड बढ़ी हुई है। ज्यादा मांग होने के कारण रेत के दाम भी बढ़े हुए हैं। ऐसे में खदानों में रेत के दाम गिरने से भवन निर्माताओं को लाभ होने की उम्मीद है। सप्लायरों की लागत कम होने से वे आंशिक रूप से रेत के दाम घटा सकते हैं। वहीं सप्लायरों को भी इससे फायदा होगा।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री सेजेस बठेना स्कूल में आज से समर कैम्प का आयोजन


**धमतरी।** शहर के मध्य में स्थित पीएमश्री एमआरडी स्कूल में 13 मई से 25 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस समर कैम्प में कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक छात्र छात्राएं भाग ले सकेंगे। पीएमश्री योजना के तहत समर कैम्प में प्रतिदिन छात्र छात्राओं को स्वल्पाहार (नाश्ता) प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। सभी विद्यार्थी 13 मई को प्रातः 7:30 बजे स्कूल में अपनी उपस्थिति देंगे। यह कार्यक्रम प्रतिदिन 7:30 से 9:30 तक चलेगी। उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार समर कैम्प में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें योगा सेशन, स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, क्ले माडलिंग, जुम्बा डांस, इंट्रेस्टिंग गेम्स, चुटकुले, कहानी, ब्यूटी पार्लर, जनरल नालेज, कम्युनिकेशन स्किल आदि मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### 10वीं में भूमिका व 12वीं में नंदरानी प्रथम

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - सिलौटी की कक्षा 10वीं की छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम 74.14 प्रतिशत रहा। दर्ज संख्या 31 जिसमें 10 छात्र प्रथम स्थान, 10 छात्र द्वितीय स्थान व 3 छात्र तृतीय स्थान 02 पूरक व 06 अनुत्तीर्ण रहे। इसमें भूमिका साहू पिता स्व. मनोहर लाल साहू 97 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम व जिले में पांचवां स्थान, दिपांशु साहू पिता हेमलाल साहू 93.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान व खिलेश्वरी साहू पिता ईश्वर सिंह 89.3 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 84.77 प्रतिशत रहा जिसमें दर्ज संख्या 64 परीक्षा में प्रविष्ट 64 छात्रों में से 27 छात्र प्रथम स्थान, 25 छात्र द्वितीय स्थान, 07 पूरक व 5 छात्र अनुत्तीर्ण रहे इसमें नंदरानी पिता दिनेश कुमार 81.20 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान, ललित कुमार पिता गालव प्रसाद 78.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व पूनम साहू पिता रामलाल साहू 75.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। संस्था के प्राचार्य बी पदमा राजेश, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दुलार सिन्हा, सरपंच अनिल राव शिन्दे व समिति के समस्त सदस्य एवं सभी शिक्षकों ने छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त की है।

### पेड़ से गिरने से बच्चे की मौत

**धमतरी।** पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा बच्चा अचानक नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे की अस्पताल में मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार ईश्वर नेताम पिता भगवान उम्र 12 वर्ष ग्राम कांजीगुड़ा थाना शोभा जिला गरियाबंद निवासी पांचवीं कक्षा का छात्र था। सोमवार की शाम ईश्वर अपने गांव के पास सड़क किनारे स्थित पेड़ में आम तोड़ने चढ़ा था। आम तोड़ते समय बच्चे का अचानक पैर फिसल गया। जिसके कारण बच्चा पेड़ की ऊंची डाल से सीधे जमीन पर गिर गया। इस घटना में ईश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने घायल बच्चे को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए सीधे धमतरी पहुंचाकर सिविल लाइन में स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान दोपहर में बच्चे की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया।



- आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था


### गऊ माता का दुलार...



**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय मदर्स-डे पर हरिभूमि कार्यालय के सामने एक गऊ माता अपने बछड़े को दुलार कर दूध पिलाती हुई। फोटो : हरिभूमि

## तीन दिन में तीन डिग्री बढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में हुए बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत जरूर मिली है लेकिन अब फिर लोगों को भीषण गर्मी सता रही है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों में तीन डिग्री तापमान में वृद्धि होने के संकेत दिए हैं।

मौसम विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ अब पंजाब और आसपास क्षेत्रो में चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है। जिसमें मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओ में एक द्रोणिका है। जिसकी धुरी समुद्रतल से 5.8 किमी उपर है। एक द्रोणिका बिहार के मध्य भागों से दक्षिण झारखंड तक जा रही है। दक्षिण पश्चिम मानसून के लिए स्थिति अनुकुल है। यह अगले 4-5 दिनों के दौरान दक्षिण अरब सागर, मालदीप कोमोरिन के कुछ क्षेत्रों, दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्से, अंडमान निकोबार सागर द्वीप समूह और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्से में आगे बढ़ेगा।

प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। चेतावनी में कहा गया है कि प्रदेश के एक दो स्थानों में मेघगर्जन के साथ 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

## संग्रहण केंद्रों के धान का ओपन आक्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के संग्रहण केंद्रों में रखे गए धान की निलामी आज होगी। राज्य सरकार ने इस बार समर्थन मूल्य पर धान की रिकार्ड खरीदी की है। पिछले माह के अंत में इसकी निलामी कराई गई थी। कुल 2100 स्टेक में 300 स्टेक की निलामी हुई थी। शेष 1900 स्टेक की निलामी आज की जाएगी।

जिले के 100 उपार्जन केंद्रों के अलावा बस्तर जिलों से धान को जिले के जवरगांव, भोयना, भाठागांव, चिटौद के संग्रहण केंद्रों में रखा गया है। राइस मिलों को मिलिंग का पिछला बकाया नहीं मिलने के कारण धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। शासन ने संग्रहण केंद्रों में रखे धान को नीलाम करने का फैसला लिया है। अप्रैल माह के अंत हुए धान की निलामी की गई जिसका उठाव शुरु हो गया है। मार्कफेड ने मोटा धान को पुराने बारदाने में 1900 रूपया क्विंटल तथा नये बारदाने में 1950 रूपया रखा है, वहीं पतला धान को पुराने बारदाने में 2050 तथा नये बारदाने में 2100 रुपया पर नीलाम किया है।

मार्कफेड जिला अधिकारी सुनील सिंह राजपूत ने बताया कि 13 मई को धान निलामी का ओपन आक्शन होगा। संग्रहण केंद्रों में रखे गए धान को सहमति के आधार पर मिलर उसी दाम पर उठा सकते हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई



- दानीटोला वार्ड में स्थित बुद्धविहार अम्बेडकर भवन में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार को दानीटोला वार्ड स्थित बुद्धविहार अम्बेडकर भवन में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बौद्ध समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बैसाख पूर्णिमा महकरूणिक तथागत सम्यक बुद्ध जयंती पर प्रवीण वैद्य रामपुर वार्ड ने बुद्ध वंदना, धम वंदना, संघ वंदना का पाठ पाली भाषा एवं हिन्दी अनुवाद में किया। तत्पश्चात राकेश वैद्य ने मंगल गाथा एवं त्रिशरण पंचशील पाठ किया। बौद्ध समाज के जिलाध्यक्ष पालनहार मेश्राम ने अपने उदबोधन में कहा कि चार आर्य सत्य बुद्ध के शिक्षाओं का सार है। दुख का साथ, दुख के कारण का सत्य, दुख के अंत का सत्य और दुख के अंत की ओर ले जाने वाले मार्ग का सत्य है। उन्होंने बुद्ध जयंती की बधाई देते हुए आगामी समय में 5 दिवसीय विपश्यना शिविर लगाने की जानकारी दी। श्रीमती तक्षशिला गजबिए ने कहा कि जो तथ्यों से अवगत कराये वो तथागत कहलाता है। उन्होंने त्रिगुण पावन बुद्ध के बारे में जानकारी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन लालबगीचा वार्ड के दीपक सहारे ने किया। दीपक कामड़े ने तथागत की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के सफर में मध्यम मार्ग अपनाना चाहिए। अपने भीतर का दीपक स्वयं को जलाना होगा। उदबोधन में तथागत गौतम बुद्ध की 2587वी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के अंत में खीर पुड़ी, फल का प्रसादी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में आशीष रात्रे, दीपक सहारे, प्रवीण सहारे, नंदकिशोर मड़ामे, भारत बागड़े, नारद बागड़े, तक्षशिला गजबिए, वर्षा वैद्य, सुनीता गजबिए, रोमी गजबिए, दिनेश रामटेके, बीआर कुटारे, संतोष नादेश्वर, राजू बंजारे, उमाकांत वैद्य, चंद्रकांत वैद्य, आकांक्षा कुटारे, वर्षा वैद्य, सुधा चौहान, श्वेता शेंडे, भोला खापर्डे, मनोज शेंडे, बीआर वैद्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शिक्षा और कला में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान

बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। 75 प्रतिशत से अधिक अंको से पास होने वाले 10वीं की छात्रा नेहा मडामे, 8वीं की छात्र आरूही शेंडे तथा पुष्पेंद्र खापर्डे को सम्मानित किया गया। वहीं पारम्परिक वेशभूषा एवं कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय रहे सुमन मड़ामे, श्री मेश्राम, दिव्या मेश्राम, भूमिका मेश्राम, श्वेता वायनिक, वंशिका ध्रुव, निहारिका खापर्डे, रिया खापर्डे, आरूही शेंडे का सम्मान किया गया।

## 35 पौवा अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



थाना कुरूद द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से शराब बिक्री करने ले जा रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी से 35 पौवा देशी मसाला शराब कीमती 3500 रू. जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की है। मिली जानकारी अनुसार एनएच 30 के पास बालाजी कॉलोनी जाने वाले सीसी रोड में योगेश कुमार पिता भुखन लाल उम्र 24 वर्ष निवासी पुराना मंडी कुरूद एक थैले के अंदर 35 पौवा देशी मसाला शराब कीमती 3500 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## गोल बाजार स्थित ठंडा पानी का फ्रीजर कई दिनों से खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गोल बाजार का एकमात्र फ्रीजर जिसका ठंडा पानी पुरे गोल-बाजार के व्यवसायी ग्राहक पीते हैं, मगर अफसोस उस फ्रीजर को बंद पड़े कई माह हो गया और तो और उस फ्रीजर को डायरेक्ट बोर के पाईप से जोड़ दिया गया है। बोर से फ्रीजर में जितना पानी स्टोर होता है उतना ही ठंडा करता है। इसके बाद बंद हो जाता है। पुनः बोर से पानी आने पर पानी गरम आता है। उसी बोर के वाल्ब को बनाने के बाद भी बैगा होटल के बाजू नल में आज तक पानी की सप्लाई नही हो रही है। बैगा होटल के बाजू नल में काफी दिनों से पानी नही आ रहा है। गोल-बाजार के व्यवसायी, सब्जी विक्रेता व ग्राहकों ने निगम से आग्रह किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुये इस जल समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए।

एप में सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी भरने में होगी आसानी

## कार्यशाला में एप व आनलाइन टूल्स का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सड़क दुर्घटनाओं व उसमें होने वाली मृत्यु तथा घायलों की जानकारी देने के लिए बनाए गए एप व आनलाइन टूल्स के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस मुख्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के प्रकरणों के विश्लेषण एवं अपराध विवेचना में सहायता के लिए आईआरएडी, डीएआर लाइव एप व त्रिनयन एप बनाया गया है। उक्त एप के संचालन के लिए एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन एवं यातायात डीएसपी मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में सभी थानों के नामांकित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि थानावार अपडेट जानकारी जैसे पुलिस डाटा, सीसीटीएनएस डाटा एवं आईआरएडी डाटा का संग्रहण आटोमेटिक रूप से एक आनलाइन शीट में एकत्रित हो जाता है। आनलाइन टूल्स के माध्यम से पुलिस मुख्यालय को भेजी जाने वाली सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित अनेक प्रकार की एफएआर, आईएआर व डीएआर की जानकारी आटोमेटिक निर्मित हो जाती है। प्रतिदिन घटित सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी आईआरएडी एप में आसानी से भरी जा सकती है। पुलिस कार्यालय में उक्त टूल्स का पूर्ण प्रशिक्षण एनआईसी में पदस्थ डिस्ट्रिक रोल आउट मैनेजर संदीप सोनकर द्वारा दिया गया। एसपी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त एप में एन्ट्री दर्ज करने थाने के सभी अधिकारी-कर्मचारी को आना चाहिए। समस्त थाने उक्त टूल्स का उपयोग कर प्रतिदिन घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं की एन्ट्री आईआरएडी व डीएआर एप में दर्ज करें जिससे एन्ट्री अपडेट रहे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर भवन में बौद्ध समाज द्वारा मनाया गया बुद्ध जयंती

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा में अंबेडकर भवन में बौद्ध समाज के द्वारा बुद्ध जयंती मनाई गई। अंबेडकर भवन बुद्ध जयंती के अवसर पर तथागत भगवान गौतम बुद्ध की पुजा अर्चना कर बुद्ध वंदना किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। समाज के अध्यक्ष योगेश्वर मेश्राम एवं दिनबंधु वाल्मीकि ने गौतम बुद्ध के संदेश एवं उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में गोविंद लांगे, दाऊलाल उइके, केशव लाल खोब्रागडे, कोमल मेश्राम, नागेश भोवते, दिनेश गजभिये, बुद्धरत्न गोस्वामी, राजु गोस्वामी, विकेश, निकेश, संघ रत्न, पुरुषोत्तम मेश्राम, कुश मेश्राम, भुपेंद्र रामटेके, सुनीता वाल्मीकि, मोतीराम मेश्राम, मयंक मेश्राम, पृथ्वी रामटेक, जशवंत खोब्रागडे उपस्थित रहे।

### कांटा, बांट व इलेक्ट्रॉनिक मशीन में सील सत्यापन शिविर 19 से

**धनेलीकन्हार।** कोरर के मंडी प्रांगण में 19 मई से विधिक माप विज्ञान नाप तौल विभाग के द्वारा 4 दिवसीय इलेक्ट्रॉनिक काटा, मेनुअल कांटा, बांट में शील व सत्यापन के लिए शिविर आयोजित है। इस शिविर में कोरर क्षेत्र के ग्राम तरान्दुल , बासकुंड , हाटकर्रा , डोमाहर्रा, भैराडीह, सुरेरी, कापसी, तेलावट, धनेलीकन्हार, मरकाटोला, कोदागांव, पोटगांव, बाबुदबेना, अंडी, केव्टीनटोला, तालाकुर्रा, सिलतरा, रानवाही, अस्तरा , मुगवाल, बोदेली, भानबैडा, डुमरकोट, हवरकोन्दल, भैसाकन्हार, बैजनपुरी, जामपारा, चिल्हारी, कुर्री, घोड़ादा , कोकानपुर , मावलीपारा, किशनपुरी सहित आसपास के व्यापारी बंधु अपनी कांटा बांट में सील का सत्यापन करवा सकते हैं। निरीक्षक विधीक माप विज्ञान अधिकारी अंजना बड़ा ने बताया कि 19 मई से 22 मई तक शिविर लगेगा।

### हाईस्कूल आमागढ़ का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत हाईस्कूल आमागढ़ का सत्र 2025 का सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष शाला से कुल 16 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें से कुल 8 बच्चे प्रथम श्रेणी से एवं 8 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शाला से छात्र अविनाश कुमार गावड़े ने 88.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान किया। पूनम ने 85.66 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही एवं सोम सिंह 84.16 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। शाला का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर प्रभारी प्राचार्य रघुनाथ सिंह साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, सुमिति के सभी सदस्यों एवं शाला के समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं दिया।

### बरकई में हर्षोल्लास से मनायी भगवान नरसिंह की जयंती

**कांकेर।** बरकई में कुम्हार समाज क्षेत्र क्र. 2 के द्वारा हर्षोल्लास के साथ भगवान नरसिंह कि जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मालगांव के सरपंच संगीता मरकाम, विशिष्ट अतिथि पुष्पा जैन उपसरपंच, हुकुम लाल जैन, सांता राम नेताम, डोमार सिंह नाग, जितेंद्र चक्रधारी, जीवराखन चक्रधारी, वरूण चक्रधारी, समस्त ग्रामवासी एवं सगा बंधु, समस्त नव युवक कुम्हार समाज बरकई की उपस्थिति रही।

## निधन

### मीना पांडेय



**धमतरी।** युवा मंच सर्व ब्राम्हण समाज धमतरी के पूर्व अध्यक्ष व दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी दीपक पाण्डेय की माताजी व स्व. भीषम पाण्डेय की पत्नी श्रीमती मीना पाण्डेय का आकस्मिक निधन हो गया है। वे रघुवीर प्रसाद पाण्डेय की बहू व विजय, अजय, संजय पाण्डेय की चाची थी। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान से सुबह 10 बजे शांति घाट के लिए निकली। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में ब्राह्मण समाज के लोग सहित परिजन व नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

### जिस समाज में शिक्षा, सभ्यता और संस्कृति नहीं होती उसका पतन हो जाता है : ओंकार

# कर्मा महोत्सव : सेमरा में संत माता कर्मा की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम सेमरा बी में स्थानीय साहू समाज के द्वारा नवीन भव्य मंदिर में भक्त माता कर्मा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं कर्मा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसके तहत पहले दिन बाजे गाजे के साथ कलश व शोभायात्रा निकाली गई। दूसरे दिन मूर्ति स्थापना कर अतिथियों एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू ने कहा कि भारत के इतिहास में तेली समाज का नाम भी स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। टूट रही भारतीय संस्कृति, सामाजिक पंरपरा पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम आधुनिकता की चकाचौंध में अंधे होकर अपनी संस्कृति, पंरपरा को भूल रहे हैं। जिसे बचाने सभी समाज को आगे आना होगा। तभी हम सब एक आदर्श समाज की स्थापना कर पाएंगे।

अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने साहू समाज के पुरोधाओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि ऐसे कुल के वंशज होने पर गर्व होने की बात कही है। उन्होंने दुर्व्यसनों एवं सामाजिक कुरीतियों पर चिंता जाहिर कर कहा कि जिस समाज में शिक्षा, सभ्यता और संस्कृति नही होता, उस समाज का पतन हो जाता है। अपनी सनातनी धर्म को बचाए रखने की जरूरत है। अंतरजातीय विवाह को रोकें। युवाओं को समाज से जोड़े। समाज है तो हमारा अस्तित्व है।

**प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान :** इसके पूर्व साहू समाज के तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने माँ कर्मा के आदर्शों को आत्मसात कर शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया। साथ ही बीमार लोगों की मदद करने की जरूरत बताई। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जगदीश साहू आदि ने भी सम्बोधित कर सामाजिक उत्थान की दिशा में अपनी विचार रखें।इस अवसर पर कक्षा 10 वी और 12वी में अच्छे अंको के उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में तोरण साहू जिला उपाध्यक्ष साहू संघ,रघुनन्दन साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, गणेश राम साहू जिला कोषाध्यक्ष साहू संघ, श्रीमती शारदा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, होमेन्द्र साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ सेमरा, जानकी साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ, जनपद सदस्य बनिता सिन्हा, प्रतिभा साहू सुपेला, छबिलाल साहू, घसियाराम साहू मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरंक्षक बसन्त साहू, दीनदयाल साहू,अध्यक्ष कृष्णकुमार साहू, उपाध्यक्ष डॉ चुन्नी लाल साहू, सचिव भानुराम सार्वा, कोषाध्यक्ष द्वारिकानाथ साहू, सहसचिव प्रेमलाल साहू, माधव राम साहू, कन्हैया लाल साहू समेत समाज के सभी लोगों का सहयोग रहा।

## पीएम स्कूल अरौद जिले में प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले में संचालित पी एम श्री स्कूल के प्रधान पाठकों बीईओ, बीआरसी की बैठक हुई। जिसमें विद्यालय के गतिविधियों को रखने का अवसर मिला। विगत माह में जिले के टीम के द्वारा पी एम श्री स्कूलों का निरीक्षण के बिंदुओं को रख कर अंक का निर्धारण किस प्रकार किया गया उस पर चर्चा हुई जिसमें निम्न बिंदु थे।

जिसमें विद्यालय में हो रही गतिविधियों बच्चों के स्तर का आंकलन स्वच्छता : कक्षा, परिसर, बच्चे। गार्डन : ग्रीन ग्रास व ग्रीन मद। शौचालय : बालक शौचालय बालिका शौचालय की साफ़ सफ़ाई। प्रिंटरिच वातावरण बाल केंद्रित बाला फ़िचर। पेयजल साफ़ व स्वच्छ पेय जल। सौर पैनल का सही उपयोग। शाला मद,अनुदान पंजी अन्य पंजी संधारण (शिक्षक डायरी,एमडीएम पंजी)। वाद्य यंत्र का सही उपयोग। पुस्तकालय, बालवाड़ी, डस्टबीन, खेल सामग्री, ग्रीन ग्रास का अवलोकन, समर कैम्प की गतिविधियों की पंजियों का अवलोकन जिले के टीम द्वारा किया गया था जिसके आधार पर जिलें में संचालित पी एम श्री स्कूलों को अंक दिया गया जिसमें हमारे विद्यालय पी एम श्री स्कूल अरौद सर्वाधिक अंक प्राप्त का जिलें में अव्वल रहा। पीएमश्री स्कूल नवागाँव साँकरा नगरी 161 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किये। विद्यालय को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के द्वारा प्रतीक चिह्न दिया गया। साथ ही जिला कार्यालय से 10,000 रुपए प्रदान किये जायेंगे।

## अर्थशास्त्र विभाग में व्याख्यान माला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के अर्थशास्त्र विभाग में प्राचार्य डॉ. वीके पाठक के निर्देशन में 10 मई को व्याख्यान माला का आयोजन किया गया, जिसका विषय युद्ध के दौरान आर्थिक अनिश्चिता एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार था। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुनील कुमार कुमेटी एसोसिएट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ थे। डॉ. कुमेटी ने प्रथम विश्व युद्ध एवं द्वितीय विश्व युद्ध अवधि में आर्थिक अनिश्चिता की व्याख्या की। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक की स्थापना की आवश्यकता एवं क्षेत्रीय आर्थिक संगठन के विकास एवं प्रासंगिकता का भी वर्णन किया।

डॉ. कुमेटी ने वर्तमान में रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल -फिलीस्तीन युद्ध एवं भारत-पाकिस्तान की तनावपूर्ण स्थिति एवं अमेरिका की काउंटर टैरिफ नीति के कारण व्यापार संकट की स्थितियों का अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों की विवेचना की। इस प्रकार उन्होंने बताया कि युद्ध किसी भी परिस्थिति में अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होता है और अनिश्चितताएं उत्पन्न करती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तामेश्वरी साहू ने किया। विभागाध्यक्ष का डॉ. वेदवती देवांगन में मुख्य वक्ता आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. मीनाक्षी तिवारी एवं डॉ. डेकेश्वरी मंडावी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र परिषद के एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में पचपेड़ी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा।

कक्षा दसवीं में कुल 62 विद्यार्थी पंजीकृत रहे, जिसमें से 48 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 77.41 % रहा। कक्षा 10वीं में मोक्षिका साहू पिता सोमप्रकाश साहू 97.3 % अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की, अनामिका साहू पिता हिरेन्द्र साहू 94.1% अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं वर्षा साहू पिता डोमेराम साहू 93.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की।

इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में 65 विद्यार्थी पंजीकृत रहे, जिसमें से 62 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस प्रकार कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 95.3 % रहा। जिसमें तारिणी सोनकर पिता भोजराम सोनकर 87% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की , टिकेश्वरी साहू पिता कमलेश्वर साहू 86% अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं रीना सोनकर पिता लोकनाथ सोनकर 83.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की।

प्राचार्य रवींद्र कुमार कोसरे ने बताया कि पचपेड़ी स्कूल धमतरी जिले में अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। जिसका प्रमुख कारण संस्था का बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन रहता है।

विगत कई वर्षों से संस्था अपने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता हैं। जिसके कारण अंचल के पालक अपने बच्चों को पचपेड़ी स्कूल में पढ़ाने के लिए लालायित रहते हैं। प्राचार्य ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई प्रेषित कर, असफल छात्रों को निराश न होकर कड़ी परिश्रम कर सफलता प्राप्त करने की बात कही।

इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू, साहूकार साहू, मेघराज साहू, कमलेश कंवर स्थानीय परीक्षा प्रभारी, बसंत कुमार साहू, हरिश्चंद्र पटेल, बी.एल टंडन, मिथलेश कुमार सिन्हा, पारसमणी साहू, प्रदीप मानिकपुरी, मीना सिन्हा, पुष्प लता ठाकुर, जानकी वर्मा, सुरेश कुमार निषाद, प्रमिला बारले एवं हेमेंद्र कुमार मेश्राम ने संस्था के बेहतर परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

## समर कैंप में बच्चे सीख रहे हैं विभिन्न हुनर



■ साहू समाज के आयोजन में सर्व समाज के बच्चे ले रहे हैं लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

परिक्षेत्र साहू संघ खरतुली अंतर्गत ग्रामीण साहू समाज लोहरसी, मुजगहन, रत्नाबांधा, परसतराई द्वारा सर्व समाज के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन 1 मई से किया जा रहा है जिसमें दिवसवार विभिन्न विधाओं, योग शिक्षा, मूर्तिकला, मिट्टी के विभिन्न सामग्री निर्माण, मेहंदी सजाओ, रंगोली, पेपर क्राफ्ट, ड्राइंग-पेंटिंग, अखबारी टोपी, डांस, नैतिक शिक्षा, मनोरंजक गतिविधि गीत आदि का हुनर विजयलक्ष्मी गंजीर, कुंती साहू, भारतलाल साहू, पुरन सोनबेर, चंद्रशेखर साहू, सत्यनारायण साहू, गोपाल साहू, तारकेश्वरी साहू, हलधर साहू, गौरी सिन्हा, सेवक साहू, सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्यगण सहित अन्य मास्टर ट्रेनर बच्चों को प्रदान कर रहे हैं। समर कैंप के दसवे दिन जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, खरतुली परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी एवं संबंधित ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष उपस्थित होकर बच्चों का मार्गदर्शन किये।

चर्चा में बताया कि समर कैंप बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक अच्छा प्लेटफार्म हैं । साथ ही बच्चों को अपने माता-पिता, परिजन, समाज, देश, धर्म का आदर सम्मान करने की नैतिक शिक्षा, संस्कार भी दी जा रही है। समर कैंप को सफल बनाने में ग्रामीण साहू समाज एवं परिक्षेत्र के पदाधिकारी, मास्टर ट्रेनर जुटें हैं।

### कहानी दादी घर जाबो का प्रसारण 15 को

**मगरलोड।** ग्राम डाभा निवासी भोलाराम सिन्हा शिक्षक, युवा कहानीकार की कहानी 'दादी घर जाबो' बच्चों का प्रसिद्ध कार्यक्रम बाल वाटिका में 15 मई को सुबह 8.30 बजे आकाशवाणी रायपुर से प्रसारण होगा। श्री सिन्हा ने बताया कि इस बाल कहानी में पढ़ाई-लिखाई ,गांव व खेलों के महत्व को बताया गया है। बच्चों को बाल-पत्रिका पढ़ने , कविता, कहानी लिखने के लिए प्रेरित किया गया है।इस कहानी में लीना को अपनी दादी गांव बहुत पसंद है। वह गर्मी की छुट्टी में अपनी दादी के घर आती है। श्री सिन्हा के अनुसार बाल कहानियां बच्चों में आत्मविश्वास एवं सृजनशीलता बढ़ाती है।

### 10वीं में टिकेश और 12वीं में प्रेरणा रहे अव्वल

**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य किशोर जांगड़े ने बताया कि 10वीं का परीक्षा परिणाम 51.47 प्रतिशत रहा। प्रथम टिकेश पिता कमलेश 86.5 प्रतिशत, द्वितीय जागेश्वर निषाद पिता ओमप्रकाश 78 प्रतिशत, तृतीय उमेश पिता कौशलराम 77.6 प्रतिशत रहे। 12वीं का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा। प्रथम प्रेरणा साहू पिता छबि साहू 85 प्रतिशत, द्वितीय दामिनी पिता सोहन 80 प्रतिशत, तृतीय कामिनी पिता सुरेंद्र 77 प्रतिशत रही। छात्र- छात्राओं की सफलता पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेंद्र साहू, सरपंच खेमलता साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, नरेश भारती, पूर्व सरपंच डोमार सिंह साहू, भोजराम साहू, श्रीराम साहू, चंदू जामरे, यादराम निषाद, पदुम साहू, प्रह्लाद निषाद, ढालेश साहू, दयालु साहू, प्राचार्य किशोर जांगड़े, व्याख्याता बृजेश देवांगन, सुशील साहू, भावना ठाकुर, यामिनी गायकवाड़ , रुक्मणि बंछोर, जितेंद्र सुकुमार, हर्षल चंद्राकर, पुनेश्वर प्रजापति, मधु सिंह, अवधराम साहू, गीतेश्वर साहू ने हर्ष जताया है।

## हाईस्कूल देवपुर का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में शासकीय हाई स्कूल देवपुर (धमतरी) दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 97 % आया है। हाईस्कूल देवपुर के कक्षा दसवीं में दर्ज संख्या 60 विद्यार्थी थे जिसमें 58 विद्यार्थी उत्तीर्ण हो गए हैं, कोई भी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण नहीं है केवल 2 विद्यार्थी पूरक आया है। 58 विद्यार्थी उत्तीर्ण है जिसमें 30 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण है एवं 28 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए तथा तृतीय श्रेणी में कोई भी विद्यार्थी नहीं हैं। हाई स्कूल देवपुर के बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम आने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लगातार तीन वर्षों से हाई स्कूल देवपुर का बोर्ड परीक्षा परिणाम 97% आ रहा है । छात्रों के इस उपलब्धि पर प्राचार्य के पी साहू ने हर्ष जताते हुए कहा कि संस्था में दो मुख्य विषय के शिक्षक नहीं होने के बाद भी

परीक्षा परिणाम में कोई कमी नहीं आने दिया और यह उपलब्धि केवल चार शिक्षकों के मेहनत से हासिल किया है। इस उपलब्धि पर व्याख्याता जितेन्द्र कुमार दुबे, अन्नपूर्णा साहू, सुश्री योगिता सूर्यवंशी, दुजेंद्र कुमार साहू, अजय सारथी, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश साहू, सरपंच देवलाल साहू, पूर्व सरपंच चेतन यदु आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी उमावि का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जी -जामगांव ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों के परीक्षा परिणाम सराहनीय रहे, जिससे विद्यालय का गौरव और प्रतिष्ठा और भी बढ़ी है। कक्षा 10वीं के प्रमुख विद्यार्थी प्रथम स्थान कुणाल मानिकपुरी (87%), द्वितीय स्थान खिलेंद्र पटेल (79%)। कक्षा 12वीं के प्रमुख विद्यार्थी प्रथम स्थान टेमन कुमार (70%), द्वितीय स्थान दुर्गेश कुमार (63%)। कुल परिणामों की बात करें तो कक्षा 12वीं का परिणाम 90% एवं कक्षा 10वीं का परिणाम 88% रहा, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। विद्यालय के प्राचार्य वाई.पी. गोस्वामी तथा शिक्षकगण देवेंद्र साहू, योगेश साहू, साक्षी शिंदे, खुशी साहू, ममता डहरिया, अनुराधा बघेल एवं संजय वत्सल ने सभी सफल छात्र-छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

## सर्वोदय इंग्लिश किड्स एण्ड मिडिल स्कूल धमतरी का परीक्षा परिणाम 100% रहा

**कक्षा 5वीं में कु. साक्षी देवांगन प्रथम**



साक्षी देवांगन



पूनम चक्रधारी



जोया हाशमी

**धमतरी।** ज्ञानरत्न शिक्षण समिति द्वारा संचालित सर्वोदय इंग्लिश किड्स एण्ड मिडिल स्कूल धमतरी में सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, लगन एवं अथक प्रयास से अपने-अपने कक्षा में अच्छा स्थान बनाया।

कक्षा पाँचवीं में प्रथम कु. साक्षी देवांगन 97.50% द्वितीय- कु. पूनम चक्रधारी 93.50% तृतीय- कु. जोया हाशमी 93% अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्रधान पाठिका श्रीमती ललिता साहू मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत सिन्हा एवं डायरेक्टर टी.आर.सिन्हा, उप-प्राचार्य, स्कूल के सुपरवाईजर एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जोरातराई में आयोजित हुआ एक दिवसीय कबीर सत्संग

# सांसारिक मनुष्यों में नम्रता व सद्भावना आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संसार में नम्रता व सद्भावना में रहकर जीवन व्यतीत करने वाला इंसान ही संसारिक सुखों की प्राप्ति के साथ-साथ परमात्मा की खुशी भी प्राप्त कर लेता है। किसी को उसके धन दौलत से नही बल्कि सिर्फ व्यक्ति के गुण दोष से ही याद किया जाता है। उक्त उद्गार संत क्षेमेन्द्र साहेब ने ग्राम जोरातराई में आयोजित एक दिवसीय कबीर संत्सग में कही।

सोमवार को ग्राम जोरातराई (सी) में स्व. छेदन लाल साहू (दाऊ जी) की स्मृति में उनकी पत्नी श्रीमती अहिल्याबाई साहू एवं परिजनों द्वारा एक दिवसीय कबीर सत्संग का आयोजन किया गया था। जहां कबीर आश्रम सेमरा (बी) व कोलियारी से पहुंचे संत क्षेमेन्द्र साहेब, संत मुक्तिशरण साहेब व अन्य साध्वियों ने कबीर के भजनों व विचारों के माध्यम से जनमानस को परिवार में रहकर कैसा आचरण करना चाहिए के बारे में अपने विचार साझा किए।

इस दौरान हाई स्कूल जोरातराई के प्राचार्य दयालु राम साहू ने स्व. छेदन लाल को याद करते हुए बताया कि वे सन 1986 से कबीर पंथ से जुड़े है और पारख सिद्धांत के प्रचार प्रसार में अनेक महापुरुषों का प्रवचन आयोजित कराते आ रहे थे। उनके जाने के बाद अब उनके परिवार वाले भी इस दिशा में सहयोग करते रहेंगे ऐसी अपेक्षा है।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, हेमन्त साहू, नोहर साहू, रश्मि साहू, पूर्व सरपंच सविता गंजीर, कृपाराम साहू, ईश्वर साहू, हिरामन साहू, लोकनाथ साहू, पूनारद साहू, हेमलाल साहू, धर्मेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, श्रीराम साहू, विनोद साहू, राधे साहू, द्वारिका साहू, दिनेश साहू, नरेश साहू, चेतन साहू के अलावा बड़ी संख्या में कबीर सत्संग प्रेमी ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक भखारा**
**तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)**
**// सूचना पत्र //**

क्रमांक/Q/रा.नि./2024

भखारा, दिनांक 12/05/2025

प्रति,

1. खिलावन पि. देवसिंग
2. सागर सुधाकर कोसरे
3. मनकी बाई/लेखराम दीवान
4. मानकलाल/चंदूलाल
5. रजवाराम/निर्भय
6. हरीश/भुनेश्वर सिन्हा
7. गोवर्धन/निर्भय
8. त्रिभुवन/नरेन्द्र वगैरह

विषय : - सीमांकन/स्थल जांच निरीक्षण करने बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार भखारा के आदेशानुसार।

आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक सागर सुधाकर पिता सुधाकर कोसरे जाति.................. निवासी ग्राम नागपुर कास्तकार ग्राम भखारा प.ह.नं. ........../..........रा.नि.मं. भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 1258/4, 1435/4 रकबा 0.28, 0.03 हे. का सीमांकन/स्थल जांच निरीक्षण हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है। उक्त संदर्भ के परिपालन में सीमांकन/स्थल जांच निरीक्षण हेतु दिनांक 15/05/2025 समय 11.00 बजे नियत किया गया है। अतः आप लोग वाद भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित नियत दिनांक व समय पर मौके में उपस्थित रहेंगे।

टीप :-1. पटवारी ह.नं. 18/भखारा आप नियत दिनांक व समय को वर्तमान अभिलेख सहित मौके पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।
2. ग्राम कोटवार आवेदकगण व अनावेदकगणों तथा उक्त लिखित व्यक्तियों को सूचना तामिल कर एवं हस्ताक्षर लेकर नियत समय व दिनांक को मौके पर उपस्थित रहें।

| ग्राम कोटवार | हल्का पटवारी | राजस्व निरीक्षक भखारा |
|---|---|---|

## खबर संक्षेप

### कोड़ेकुर्सी कलस्टर में समाधान शिविर कल

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ शासन के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार 2025 आम जनता के लिए राहत और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विकासखंड दुर्गुकोंदल में सुशासन त्योहार 2025 का आयोजन किया गया है, जिसमें निर्धारित क्लस्टर तथा तिथि का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया है कि विकासखंड के अंतर्गत क्लस्टर ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्सी में 14 मई को सुशासन त्यौहार शिविर का आयोजन किया गया है, जिसके तहत कलक्टर ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्राम पंचायतों कोड़ेकुर्सी, करकापाल, सुरुगदोह, साधुमिचगांव, कोड़े, हामतवाही, चिखली, मगहूर, पंचागी, सराधुघमरे, ओटेकसा, गुदुम, कराची, कोडरूज गोडपाल, चाऊरगाव के ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवार शामिल होंगे। समस्याओं को शिविर स्थल में अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और अपनी समस्याओं का अवगत कराएंगे। इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ ने निर्देशित किया है कि विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सुशासन त्यौहार के अंतर्गत शिविर स्थल में अपने तैयारी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

### एक देश एक चुनाव का निर्णय राष्ट्र हित में

**जगदलपुर।** बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा चेंबर भवन में सोमवार को एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व महापौर संजय पांडे सम्मलित हुए। संगोष्ठी में सभी ने एक देश एक चुनाव पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। सभी ने एक स्वर से एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हुए अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, विद्याश्रण तिवारी, विमल बोथरा, नवरत्न, पुखराज बोथरा, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, प्रकाश झा, धनश्याम शर्मा, रंजीत पांडे एवं चेंबर के पदाधिकारी, समाज के पदाधिकारी एवं शहरवासी उपस्थित थे।

### 44 लाख से अधिक के विकास कार्यो की मिली सौगात

**बीजापुर।** भोपालपटनम ब्लॉक के भद्रकाली पंचायत में आयोजित समाधान शिविर में मूलभूत समस्याओं का निराकरण करते हुए 44 लाख से अधिक के विकास कार्यो की सौगात ग्रामीणों को मिली जिससे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुशासन का सूर्योदय हो चुका है। स्वीकृत निर्माण कार्यो में 14.20 लाख के प्राथमिक शाला भद्रकाली में बनेगा। वहीं रेगुड़ा में 4.70 लाख के 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया, कोण्डामौसम में 4.70 लाख के 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया, मंदिर से संगम स्थल तक 11 लाख की लागत से 3मीटर स्पॉन पुलिया एवं कन्या आश्रम भद्रकाली में 4.70 लाख की लागत से 1.5 मीटर स्पॉन पुलिया की प्रशासकीय स्वीकृति की घोषणा समाधान शिविर के माध्यम से की गई। शिविर के माध्यम से पंचायत, राजस्व, पशुधन, मत्स्य, खाद्य, स्वास्थ्य, आयुष, कृषि, शिक्षा, जल संसाधन, उद्यान सहित विभिन्न विभागों को प्राप्त अधिकांश आवेदनों का निराकरण त्वरित किया गया।

### नवनिर्माण से छात्रों को उच्च शिक्षा में मिलेगा बेहतर लाभ : देव

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर
शासकीय काकतीय स्नाकोत्तर महावद्यिालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने करोड़ों के नर्मािण कार्यों का शुभारंभ किया। महावद्यिालय में स्मार्ट क्लास रूम निमार्ण, डिजिटल सेंटर, रिसोर्स सेंटर, लेंगवेज लैब भवन निर्माण एवं विधुतीकरण कार्य लागत 2 करोड़ 71 लाख रूपए की राशि से निमार्ण कार्य किया जायेगा। किरण देव ने कहा महावद्यिालय के हमारे युवा छात्र एवं छात्राओं के लिए काफी हर्ष का विषय है।

---

#### सुशासन तिहार के समाधान शिविरों में यातायात जागरुकता कार्यक्रम जारी

# शिविर में सड़क सुरक्षा, यातायात जागरुकता पाठशाला का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी खेमराज साहू के नेतृत्व में यातायात स्टॉफ द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए 12 मई को सड़क सुरक्षा पाठशाला का शुभारंभ किया गया जिसके तहत रत्नाबांधा दुर्ग मार्ग में चालानी कार्यवाही के साथ-साथ सड़क सुरक्षा पाठशाला का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को न केवल जुर्माना लगाया गया। बल्कि उन्हे सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए जागरूकता कार्यक्रम में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पाठशाला में मुख्य रूप से हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, सीट बेल्ट का उपयोग,मोबाइल फोन के उपयोग से बचाव, गति सीमा का पालन, नशे में वाहन न चलाने एवं मालवाहन वाहनों में यात्रा नही करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

इसी क्रम में ग्राम गट्टासिल्ली में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में यातायात विभाग का स्टॉल लगाकर शिविर में आने वाले लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कम खर्च के चक्कर में मालवाहक वाहन से यात्रा न करे। मालवाहक वाहन से यात्रा करने के दौरान कभी-कभी गंभीर दुर्घटना घटित हो जाती है जिससे जान माल का अधिक नुकसान होता है। ऐसे नुकसान से बचने के लिए यात्री परिवहन वाहन से ही यात्रा करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाये, सड़क सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने संबंधी यातायात जागरूकता पाम्पलेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम सउनि. भेनूराम वर्मा, बोधन ध्रुव, प्रआर. उत्तम साहू, दौलत मरकाम,आर. संदीप यादव, नीरज पाण्डेय उपस्थित थे।

---

# विकसित भारत का सपना साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी : नाग

- गट्टासिली समाधान शिविर में लोगों को मिला जनहित योजनाओं का लाभ
- शिविर में शराब पीकर पहुंचा पंचायत सचिव, सरपंच ने मंच से की शिकायत
- सांसद भोजराज नाग ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





नगरी विकासखंड की ग्राम पंचायत गट्टासिली में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शासन की 39 विभागीय योजनाओं के स्टॉल लगाए गए। इस शिविर में 11 ग्राम पंचायतों से ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी समस्याओं के लिए आवेदन दिए, जिनमें से 16 मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया।

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने व गांव-गांव तक योजनाओं को पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों को वैज्ञानिक सोच के साथ खेती-किसानी, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की बात कही।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि किसानों को उनकी भूमि से संबंधित पट्टा, नक्शा, खसरा आदि दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराए जाएं ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से ले सकें। उन्होंने समाधान शिविर को शासन और जनता के बीच सेतु बताया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, मंडल अध्यक्ष संजय शांडिल्य, कोषाध्यक्ष श्यामाचरण मंडावी, जनपद सदस्य प्रेमसिंह सलाम, महामंत्री टिकेश्वर साहू, सरपंच समरथ मरकाम, राजेश्वरी, गजेंद्र मंडावी, मोनिका, आरती सलाम, उपसरपंच जावेद मेमन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व एसडीएम प्रीति दुर्गम, तहसीलदार तेजपाल सिंह, सीईओ करुणा सागर पटेल समेत सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

#### शिविर में शर्मनाक घटना

समाधान शिविर के दौरान ग्राम पंचायत आमदी की सरपंच उमेश्वरी मरकाम ने मंच से सबके सामने आरोप लगाते हुए कहा कि, हमारी पंचायत का सचिव अक्सर समय पर नहीं आता और कई बार शराब पीकर पंचायत कार्यालय व शिविरों में पहुंचता है। पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। यह सुनते ही सांसद भोजराज नाग ने मौके पर मौजूद एसडीएम प्रीति दुर्गम को तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।यह मामला शिविर में उपस्थित जनसमूह और अधिकारियों के बीच गंभीर चर्चा का विषय बन रहा।

#### शिविर में विभागों के लगे स्टॉल

शिविर में आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व योजना, किसानों को ऋण पुस्तिका व क्रेडिट कार्ड, बुजुर्गों को चश्मा वितरण, महिलाओं की गोद भराई, नव निहाल योजना, फसल बीज वितरण जैसी योजनाओं के तहत लाभ दिया गया। स्टॉलों पर ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई जो योजनाओं के फॉर्म भरने में जुटी रही।

---

# जैन संघटना ने मातृ दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भारतीय जैन संघटना महिला शाखा धमतरी छग की महिलाओं द्वारा मातृ दिवस का कार्यक्रम दिनांक 11 मई को दादाबाड़ी-जैन समाज भवन में रखा गया। अध्यक्ष संगीता गोलछा, सचिव इंद्रा लुंकड़, उपाध्यक्ष सुषमा चोपड़ा एवं सभी महिला संगठन की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दो प्रतिभावान महिलाओं श्रीमती ललिता नाहर एवं श्रीमती रीतू बरड़िया का श्रीफल से सम्मान किया गया। वक्ताओं ने मां के लिए अपने विचार व्यक्त किए।

### छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए किया जा रहा समर कैंप का आयोजन

**दुर्गुकोंदल।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के द्वारा समर कैंप का संचालन सेजेश दुर्गुकोंदल में विगत दिनों से लगातार चल रहा है। जिला प्रशासन स्कूल विभाग के द्वारा दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए सुबह 7 बजे से 10 बजे तक प्रतिदिन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक के सभी संकुलों के शिक्षक शिक्षिकाओं को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने अधीनस्थ गांव के बच्चों के पालकों से संपर्क करके अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को कैंप तक लाया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाएगा आज

**दुर्गुकोंदल।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रदेश के साथ दुर्गुकोंदल में 13 मई को सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत पक्के आवासों का निर्माण का लक्ष्य भारत सरकार के द्वारा आवंटित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने बताया है कि विकासखंड के अंतर्गत 44 ग्राम पंचायतों में स्वीकृति मिली थी। 30 मार्च 2025 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपस्थिति में बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तीन लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास का सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया था। वही दुर्गुकोंदल में 13 मई को 44 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 86 आवासों का सामूहिक रूप से गृह प्रवेश कराया जाएगा।

---

# भारत अब आतंकवादी हमलों को नहीं सहेगा बल्कि हमलों का मुंह तोड़ देगा जवाब : धुन्ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



- सीमापार आतंकी ढांचे पर भारत की जवाबी कार्रवाई बनी राष्ट्रीय सुरक्षा की मिसाल

पाकिस्तान की खस्ता हालत भारतीय सेना का शौर्य और प्रधानमंत्री मोदी की सफल भू राजनीतिक योजना का दृष्टांत है। जिस प्रकार भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद लगातार हो रहे पाकिस्तान हमले को निष्क्रीय किया। उनके ड्रोन हमले और मिसाईलो को भारत की भूमि में गिरने से पहले ही आसमान पर नष्ट कर दिया, यह अपने आप में अद्भुत अतुलनिय और अद्वितीय है। उक्त बातें भाजपा युवा नेता राहुल सिंह धुन्ने ने कहा है। भाजपा युवा नेता राहुल सिंह धुन्ने ने कहा कि भारत ने अपनी कार्यवाही से पूरे विश्व में यह संदेश दिया कि अब वह पाकिस्तान और चीन द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमलों को बिल्कुल भी नहीं सहेगा और उसका मुंह तोड़ जवाब देगा। भारत ने पाकिस्तान में 500 किमी अंदर घुसकर नूरजहां एयरबेज़ को ध्वस्त किया। पाकिस्तान के आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को तहस-नहस किया और 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। हमारे एयर डिफेंस सिस्टम एस 400, राफेल जैसे लड़ाकू विमान जो मोदी सरकार ने अपने सफल कुटनीति और विदेश नीति से हासिल किया उसकी ताकत हमें देखने को मिली। आज मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि जब वह रफेल लड़ाकू विमान, एस 400 डिफेंस सिस्टम, भारत का अमेरिका और रूस के बीच संतुलन बनाना, भारत का क्वॉड जैसे संगठन में शामिल होने का विरोध कर रही थी, वह किस तरफ थे। पाकिस्तान और चीन की तरफ या भारत की तरफ, क्योंकि आज इन्हीं हथियारों और सफल कूटनीति के दम पर हमने पाकिस्तान को न केवल सामरिक ढंग से बल्कि वैश्विक और भू राजनीतिक विषय पर भी उसकी कमर तोड़ कर रख दी। वैश्विक स्तर पर चीन और तुर्की के अलावा पाकिस्तान पूरी तरह से आइसोलेट हो चुका है। यह मोदी सरकार की विदेश नीति पर सोने की मुहर है। मैं पुनः भारतीय सेना और मोदी सरकार को ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

# भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलें : संजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

वेलुवन बुद्ध विहार में सोमवार को बुद्ध जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण, त्रिशरण, बुद्ध वंदना, धम्म वंदना, संघ वंदना सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे उपस्थित हुए। उन्होंने कहा भगवान बुद्ध के बताएं रास्ते पर चलें। उन्होंने पूरे विश्व को जो मार्गदर्शन दिया है करुणा का, शांति का उसी के बताएं रास्ते पर हम सभी को चलना है। इस अवसर पर नगर निगम के स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, राजपाल कसेर, शशि नाथ पाठक, वीरेन्द्र जोशी, पीडी मेश्राम, कुंदन रामकर, विजय बोरकर, डॉक्टर मनीष मेश्राम, धर्मेंद्र मेश्राम, सुचित्रा रंगारे उपस्थित रहे।

# माय भारत प्लेटफॉर्म ने युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक के रूप में नामांकन के लिए किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- युवाओं में नागरिक जिम्मेदारी, अनुशासन और नेतृत्व भावना को बढ़ावा देना है उद्देश्य

माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार देश भर के युवाओं को माय भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक सुरक्षा सिविल डिफेंस स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आव्हान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है एवं खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान। इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल बनाना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय अपने नागरिक एवं प्रशासन की सहायता कर सके।

वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है और माय भारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए माय भारत अपने युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से आगे आकर माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में रेजिस्ट्रेशन करने की अपील करता है। मौजूदा माय भारत स्वयंसेवक और नए व्यक्ति जो इस क्षमता में राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं, दोनों का इसमें शामिल होने का स्वागत है।

#### जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना होगी मजबूत

यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक जिम्मेदारी और अनुशासन की मजबूत भावना पैदा करती है, बल्कि उन्हें गंभीर परिस्थितियों में तेजी से कार्य करने के लिए व्यावहारिक जीवन-रक्षक कौशल और प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। रेजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सरल है और आधिकारिक माय भारत पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध है। यह युवाओं से आगे आने और इस राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए सभी इच्छुक युवाओं/जनता को संगठित करने का आव्हान है।

---

# सालभर वनोपज से जुड़ीं महिलाओं को नहीं मिल पाता सही दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



वनों से प्रभावित ईलाके में 12 माह किसी न किसी वनोपज से गाँव की महिलाएं जुड़ी रहती है। महिलाओं को वनोपज का दाम जितना मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल पाने से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। जिले में वनोपज से जुड़े कोचिया सक्रिय है जो एडवांस राशि देकर केवल शोषण ही करते है। सरकार वनोपज पर रणनीति बनाएं, तो बस्तर के आदिवासी विकास में मील का पत्थर साबित हो सकते है।

आधुनिकता और पाश्चात्य का प्रभाव पड़ने से आजकल के युवाओं ने वनोपज से दूरी बना लिया है। अंदरूनी ईलाके के ग्रामीण ही वनोपज से मिलने वाली उपज पर ध्यान देते है। वनोपज को लेकर अंदरूनी ईलाके की महिलाएं जितना गंभीर है, उतना पुरूष वर्ग ध्यान नहीं देता है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि जनवरी से फरवरी माह तक लाख की फसल, हर्रा, चिरौंजी बीज का उत्पादन होता है। पेड़ कटाई के चलते इन फसलों पर प्रभाव काफी पड़ा है। वन विभाग को इन फसलों के उत्पादन वाले क्षेत्रों में लाख, हर्रा और चिरौंजी के पेड़ को बचाने और संर्वाधन करने की जरूरत है। मार्च से अप्रैल तक महुआ फूल और उसके बीज, ईमली और उसके बीज से लाखों का फायदा वनवासियों को होता है, बस इसके लिए सही बाजार की व्यवस्था कर दिया जाएं। अप्रैल के मध्य से तेंदूपत्ता की भी तैयारी शुरू हो जाती है। मई से जून तक तेंदूपत्ता के तोड़ाई और संग्रहण में ग्रामीणों को बेहद लाभ मिलता है। इसी समय और तेंदूपत्ता तोड़ने का काम मई के प्रथम सप्ताह से शुरू हो जाता है। औषधीय फल आंवला, बेल, बहेरा को सुखाकर बाजार में बेचा जाता है। जुलाई से अगस्त तक साल बीज, कुसुम बीज और बिचुआ घास भी कमाई का जरिया बनता है। सितंबर से अक्टूबर तक जामुन बीज और उसके फल का उत्पादन भी बहुत होता है, इसके लिए बाजार की जरूरत है। कोचिया बहुत ही कम दाम में खरीदी करके ले जाते है।

# प्रतिभावान छात्र छात्राओं और जनप्रतिनिधियों का सम्मान

**कांकेर।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज कांकेर द्वारा न्यू कमन्यूटी हाल में प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवे जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, कांकेर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, सभापति जिला पंचायत तेजेश्वरी सिन्हा, जिलाध्यक्ष माधेश्वर जैन, हरेश चक्रधारी, परमानंद साहू, धन्नूराम साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष दशरथ साहू, जिला महासचिव अशोक यादव कोषाध्यक्ष सत्कार पटेल, सचिव विजय साहू, हेमंत यादव, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नंदा गोसाई, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बोधन साहू, युवा प्रकोष्ठ राजू श्रीवास, महासचिव देवेंद्र सिन्हा, पार्षद उत्तम साहू, वेद सिन्हा, अलित सिन्हा, हुकुम साहू, कांकेर ब्लाक अध्यक्ष धनेश यादव, चारामा ब्लाक अध्यक्ष राज कुमार साहू, सुरेश नाग, गजानंद डडसेना, दयालु यादव, भूषण साहू, अरुण ताम्रकार, राजेंद सिन्हा, पुरुषोत्तम सोनवंशी एवं जिला भर के जनप्रतिनिधि शामिल हुए।





## खबर संक्षेप

### 'इनर वेलनेस रिवोल्यूशन' मानसिक सेहत की क्रांति बनी



**धमतरी।** आज के समय में जब हर दूसरा व्यक्ति तनाव, चिंता और अधिक सोच (ओवरथिंकिंग) से जूझ रहा है, ऐसे समय में छत्तीसगढ़ के कुरुद निवासी डॉ. मोहित कुमार साहू द्वारा लिखित पुस्तक -इनर वेलनेस रिवोल्यूशनः चिंता, तनाव और ओवरथिंकिंग के लिए वैज्ञानिक और समग्र समाधान- ने अमेज़न बेस्टसेलर बनकर देशभर में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई जागरूकता की लहर पैदा कर दी है। यह पुस्तक हाल ही में - चिंता और भय से निजात दिलाने वाली सेल्फ-हेल्प- श्रेणी में एक नई लोकप्रिय रिलीज़ रही है।

### पड़कीपाली में देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने सोनापुट्टी मोड के पास पड़कीपाली में एक व्यक्ति के कब्जे से शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी मेम्मर नागेश पिता मनीराम नागेश (22 वर्ष) मनबाय बागबाहरा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद के कब्जे से 8 नग देशी प्लेन शराब कीमत 800 रुपए, 1 नग जम्मू स्पेशल विहस्की कीमती 120 रुपए, 1 लीटर महुआ शराब कीमती 100 रुपए कुल कीमत 1020 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### भालू के हमले से एक घायल

**सरायपाली।** तेंदूपत्ता तोड़ाई में जुटे ग्रामीणों को भालुओं का भय बना हुआ है। कुछ दिनों पूर्व ही अमलीडीह निवासी दशरथ सेठ पर 3 भालुओं ने आक्रमण कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। वहीं आज एक दूसरी घटना में तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए ग्राम पंचायत पतेरापाली के सुनील सोना पिता जयदेव को भालू द्वारा हमला किया गया। इसकी सूचना जैसे ही ग्राम पंचायत के सरपंच प्रभात पटेल को हुई, उन्होंने अपने साथ सचिव मुक्तेश्वर मटारी , वनरक्षक राकेश पटेल व ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पहुंचकर गंभीर रूप से घायल सुनील सोना को 112 वाहन में सरायपाली स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। साथ ही वन अधिकारियों को पीड़ति सुनील सोना का प्रकरण बनाये जाने के लिए अनुरोध किया गया। भालू द्वारा पीड़ति सुनील सोना के पीठ पर गंभीर चोट पहुंचा गई है। जंगली जानवरों के हमले ग्रामीणों के ऊपर 2 अवसरों में अधिक होते हैं। महुआ फल व तेंदूपत्ता तोड़ने के सीजन में भालुओं के हमलों का खतरा अधिक होता है।

### 135 लीटर कच्ची शराब भी पकड़ाई

**महासमुंद।** आबकारी विभाग ने राजा सेवइयां कामाख्या मंदिर जंगल में अज्ञात आरोपियों द्वारा चढ़ी भट्ठी से 135 लीटर कच्ची शराब एवं 500 किलोग्राम महुआ लहान कीमत 72800 रुपए को जब्त किया है। यह पूरी कार्रवाई आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त बसना, सांकरा, वृत्त पिथौरा के समस्त आबकारी स्टाफ की संयुक्त टीम के साथ उपनिरीक्षक मिर्जा जफ़र बेग, दरसराम सोनी, ह्रदय कुमार तिरपुड़े आरक्षक देवेश मांझी के द्वारा की गई।

छग पेंशनर समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी में सांसद, जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से बनेगा सशक्त और स्थिर भारत : अजय





## पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर बोले - यह केवल चुनाव सुधार नहीं बल्कि लोकतंत्र को नई दिशा देने वाली ऐतिहासिक पहल है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र को स्थिर, पारदर्शी और सुशासित बनाने की दिशा में -वन नेशन, वन इलेक्शन- की अवधारणा एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकती है। इस विचार को जनमानस तक पहुंचाने और व्यापक जनचर्चा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, नगरी द्वारा सोमवार को साहू सदन में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने तथ्यों से परिपूर्ण वक्तव्य देते हुए कहा कि – देश में अलग-अलग समय पर होने वाले चुनाव न केवल आर्थिक संसाधनों की बर्बादी करते हैं, बल्कि प्रशासनिक कार्यों, शिक्षा, विकास योजनाओं और मानव संसाधनों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। श्री चंद्राकर ने आगे कहा – यह मात्र चुनाव सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूती देने वाली क्रांतिकारी पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह विषय अब राष्ट्रव्यापी विमर्श का विषय बन चुका है। यदि हम इस व्यवस्था को अपनाते हैं तो यह न केवल चुनावी खर्च में हजारों करोड़ रुपये की बचत करेगा, बल्कि शासन व्यवस्था को स्थिरता, निरंतरता और पारदर्शिता भी मिलेगी। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि भारत में 1952 से लेकर 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाते थे, लेकिन बाद के वर्षों में यह परंपरा टूट गई, जिसका असर आज बहुत सारी बातों पर नकारात्मक हो रहा है।

अजय चंद्राकर ने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य ठप पड़ जाते हैं, स्कूल-कॉलेजों के शिक्षक व अधिकारी चुनाव कार्य में लग जाते हैं, जिससे पढ़ाई और प्रशासन दोनों प्रभावित होते हैं। यह व्यवस्था यदि लागू होती है तो यह एक राष्ट्र-एक पहचान, एक चुनाव-एक सोच, और एक दिशा-एक विकास का सूत्र बन जाएगी।

चंद्राकर ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे एकमत होकर इस पहल का समर्थन करें और राष्ट्रपति के पास सामूहिक और व्यक्तिगत राय भेजकर इस विचार को संविधानिक स्वरूप देने के लिए आंदोलन बनाएं। उन्होंने कहा – आज जरूरी है कि सामाजिक संगठन, पेंशनर समाज, बुद्धिजीवी वर्ग और जनप्रतिनिधि इस सुधार की अलख जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि देश की भावी पीढ़ी एक स्थिर और समृद्ध लोकतंत्र की नींव पर खड़ी हो सके।

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, नगरी के अध्यक्ष आर.एल. देव ने अपने विचार में कहा कि देश में बार-बार होने वाले चुनावों से नीति निर्माण में बाधा आती है। एकसमान चुनाव व्यवस्था से संसाधनों की बचत होगी और लोकतांत्रिक प्रणाली सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि पेंशनर समाज के लगभग 900 सदस्य एक देश – एक चुनाव के विचार का समर्थन करते हैं ।

संगोष्ठी में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग एवं महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से सरकारों को पाँच साल तक बिना किसी राजनैतिक दबाव के काम करने का अवसर मिलेगा। इससे नीति-निर्माण में निरंतरता आएगी और शासन तंत्र अधिक उत्तरदायी बनेगा।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष नगरी महेश गोटा, जनपद अध्यक्ष धमतरी श्रीमती अंगीरा, पूर्व विधायक पिंकी शाह और श्रवण मरकाम शामिल हुए।

इसके अलावा जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शांडिल्य, मनोहर मानिकपुरी, महामंत्री वासु साहू, सोशल मीडिया प्रभारी दानवीर मरकाम, युवा नेता महामंत्री रूपेंद्र साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कविंद्र जैन, विकल गुप्ता, कमल डागा, अकबर कश्यप, मोहन नाहटा, विजय यदु, नरेश सिन्हा, राजेश नाथ गोसाईं, प्रवीण गुप्ता, सुलोचना साहू, चमेली साहू, दीपक साहू, रामगोपाल साहू,सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजलाल सार्वा ने किया।

## मुंह में टेप बंधी मिली लाश की हुई शिनाख्त ओडिशा के नुआपाड़ा का था मृतक



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- मृतक ने फार्मेसी की पढ़ाई की, हाल ही में विवाह भी हुआ था

जिले के कोमाखान क्षेत्र के टोंगोपानी के खेत में मिली लाश की शिनाख्त नुआपाड़ा निवासी मानस रंजन त्रिपाठी के के तौर पर हुई है। मृतक ने फार्मेसी की पढ़ाई की और हाल ही में उसका विवाह भी हुआ था। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घर जाकर इलाज करने के काम से वह 8 मई को घर से निकला था। बाद में उसकी मुंह में टेप से बंधी लाश टोंगोपानी अमरैय्या खार के पास मिली। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची और मौका मुआयना प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण हत्या होना प्रतीत होने से साक्ष्य संकलन हेतु वैज्ञानिक अधिकारी फॉरेसिंक मोबाईल यूनिट महासमुंद को घटनास्थल बुलाया। पतासाजी के दौरान 10 मई को थाना नुआपाडा ओडिशा से सूचना मिली कि 8 मई को शाम के समय शिवशक्ति नगर नुआपाडा ओडिशा निवासी मानस रंजन त्रिपाठी पिता मनबोध त्रिपाठी उम्र लगभग 35 वर्ष गुमशदा है, जिसकी सूचना गुमशुदा के पिता के द्वारा 9 मई को थाना नुआपाडा में देने के बाद गुम इंसान दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान हेतु परिजनों को सीएचसी बागबाहरा बुलाया गया, जिस पर शिनाख्ती के लिए आए सरोज कुमार त्रिपाठी, विजय कुमार त्रिपाठी, अजय कमार तिवारी सभी निवासी ओडिशा को अज्ञात मृतक के शव को दिखाया गया, जिन्होंने मृतक के चेहरे, पहने हुए कपडे.एवं उंगलियों में पहने अंगूठियों को देखकर उसकी पहचान मानस रंजन त्रिपाठी पिता मनबोध त्रिपाठी (उम्र लगभग 35 वर्ष) निवासी शिवशक्ति नगर नुआपाडा ओडिशा के रूप में की। परिजनों ने बताया कि मृतक मानस रंजन त्रिपाठी 8 मई की शाम अपने टीवीएस मोटरसायकल क्र ओडी 26 ए 2064 से दवाईयों को अपने बैग में रखकर इलाज करने ग्राम मौहाभांठा, साल्हेभांठा गया था। मृतक के मोबाईल नंबर में शाम 7.30 बजे तक संपर्क हुआ, उसके बाद संपर्क नहीं होने पर अगले दिन थाना नुआपाडा ओडिशा में जाकर परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं मामले में धारा 103(1), 238 क बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है।

### शिकारी समेत मांस खाने पहुंचे चार गिरफ्तार

**महासमुंद।** झलप वनपरिक्षेत्र के ग्राम कोलपदर में वन विभाग की टीम ने एक शिकारी समेत वन्यप्राणियों का मांस खाने पहुंचे चार लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं शिकार में शामिल तीन अन्य की तलाश जारी है। वन विभाग सभी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 सह पठित धारा 2(16) (ख), 2(16)(क), 39(3)(क), 39(3)(ग)एवं 48-क के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रहा है। प्रभारी डीएफओ वेंकटेश एमजी ने बताया कि रविवार को वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम कोलपदर मे जंगली सूअर का मांस पका रहे हैं। सूचना पर टीम ग्राम कोलपदर पहुंची और शिकारी भीखम कमार (52) के घर से एक जंगली सुअर का मांस व एक नग नेवला बरामद किया। साथ ही मांस खाने पहुंचे जिवतरा निवासी गंगूराम कमार (27), बल्दाकछार निवासी चमरु कमार (28), कोलपदर निवासी लोभिन कमार (28) को पकड़ा। पूछताछ में मुख्य आरोपी भीखम कमार ने बताया कि शिकार में तीन अन्य जितेंद्र कमार, डाक्टर कमार एवं लव कुमार शामिल थे।

## आदिवासी युवा प्रभाग ने किया छात्र-छात्राओं का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं 10वी 12वी का रिजल्ट 7 मई को जारी कर दिया है, जिससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज युवा प्रभाग तहसील नगरी के पदाधिकारियों ने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से पास हुए छात्र - छात्राओं को उनके निवास स्थल पहुंच कर पीला चावल, श्रीफल, पुष्पहार, मीठा सहित शुभकामनाए प्रेषित की।

हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रीति ध्रुव पिता कचरूराम ध्रुव ग्राम चर्रा ने 93.6%, याचना ध्रुव ग्राम साहनीखार 83%, कुसुमलता ध्रुव ग्राम तुमडीबाहर 80%, राखी नेताम ग्राम बिलभदर 76%, वही नगरी एक ऐसा छात्र अनिश ध्रुव जिसने गणित में 100 में से 100 नंबर प्राप्त करते हुए 70.2% प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

हायर सेकेंडरी स्कूल में यशस्वी ध्रुव पिता माखनलाल ध्रुव नगरी की छात्रा ने साइंस में 83.6%, तेजस्वी मार्कोले ग्राम करैया साइंस में 80%, चित्रानी ध्रुव ग्राम गट्टासिली वाणिज्य से 83% प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस मौके पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव एवं युवा प्रभाग कोषाध्यक्ष कांता कुंजाम, सचिव तामेश्वर ध्रुव, मीडिया प्रभारी गितेश ध्रुव, सदस्य गोपाल मरकाम सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कुकरेल तहसीलदार को विदाई दी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

तहसीलदार कुकरेल प्रेमु लाल साहू का विदाई कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में नए तहसीलदार ख्याति कंवर का स्वागत भी किया गया। विदाई कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक संजय सोनी, राजस्व पटवारी संघ कुकरेल के संरक्षक योगेंद्र श्रीमाली, अध्यक्ष द्विजराम मरकाम, उपाध्यक्ष कुशल कुंजाम, कोषाध्यक्ष दीपक मरकाम, पटवारी ऋषि कपूर गंगेले, डोमन प्रकाश बंजारे, लक्ष्मी धनेशकर, गोविंद साहू, रीडर ज्योति यादव, झंकार शर्मा, ऑपरेटर विवेकानंद नागवंशी, सोहन, लीना, प्रवीण नेताम व अध्यक्ष जिला कोटवार संघ धमतरी सुरेश दास मानिकपुरी, कोटवार सुदर्शन, भुनेश, योगी, महेंद्र, बल्लू, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन भुनेश दास द्वारा किया गया। गुहलेद कोटवार द्वारा शास्त्रीय गायन के माध्यम से विचार व्यक्त किया गया। मंच संचालन विरेंद्र कुमार कुंजाम द्वारा किया गया।

## 19 मई को मंत्रालय घेराव में जिले के सहकारी कर्मी होंगे शामिल : नरेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला धमतरी की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को बठेना समिति में समय 12:30 बजे संपन्न हुआ। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि महासंघ के आह्वान पर लंबित तीन सूत्रीय मांग जैसे प्रबंधकीय अनुदान राशि देने, बैंकों के खाली समिति प्रबंधकों के पदों पर समिति कर्मचारियों को लेने, गत वर्ष एवं वर्तमान वर्ष धान शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन राशि दिलाने इस वर्ष की सम्पूर्ण धान उठाव सहित वर्तमान वर्ष एवं पूर्व वर्ष में धान सुखत समितियां को दिलाने सहित सुखत के नाम पर एफआईआर एवं समिति प्रबंधकों की सेवा मुक्ति की जा रही है जैसे मांगों को लेकर पूरे जिले सहित प्रदेश के 33 जिलों के लगभग 15,000 हजार कर्मचारी 15 मई को धरना स्थल तूता रायपुर में 11 बजे एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर स्मरण ज्ञापन के माध्यम से मंत्रालय का घेराव करेंगे। जहां मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री को पुनः पत्र सौंपा जाएगा। जिसमें जिले के 74 सहकारी समितियों के लगभग 600 लोग भाग लेंगे। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष धमतरी ने दिया है।



### गृहे-गृहे यज्ञ अंतर्गत गायत्री यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार द्वारा विश्व कल्याण के लिए चलाए जा रहे गृहे-गृहे यज्ञ अंतर्गत लोगों के घरों पर गायत्री यज्ञ किया जा रहा है। इसी कड़ी में हरीश साहू पार्षद के यहां राम साहू के द्वारा एक कुंडीय गायत्री यज्ञ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या गायत्री परिवार के लोग उपस्थित थे।

## घर घर हुआ यज्ञ, शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में सोमवार को जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव के गृहग्राम अरौद में लोक कल्याण एवं विश्व शांति के लिए गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें परिवार के पूरन सिंह ध्रुव, निर्मलादेवी, भागवत ध्रुव उपस्थित हुए। श्रद्धापूर्वक लोगों ने महायज्ञ में आहुति डाली। इस अवसर पर भारतीय सेना के शहीद वीर सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। यज्ञाचार्य एमआर निषाद ने यज्ञ एवं गुरु की महिमा, गायत्री मंत्र जप करने के लाभ के बारे में विस्तार से बताया। यह कार्यक्रम छुही लीलर इकाई में 200 घरों में एक साथ सम्पन्न हुआ।

## रिलायंस व फ्लोरेंस नर्सिंग कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मना




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 12 मई को फ्लोरेन्स नाइटिंगेल का जन्म दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है, फ्लोरैंस नाइटेंगल ने क्रीमियन युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की मदद की थी जो कि काफी सराहनीय था। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार लाल ने फ्लोरेन्स नाइटिंगेल के फोटो में पुष्प अर्पित और केक काटकर जन्मदिन को याद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त नर्सिंग स्टाफ व समस्त विद्यार्थी सम्मलित हुए।

### सामयिक ग्रुप ने नगर निगम को 101 जल पात्र सौंपा

**धमतरी।** भीषण गर्मी के मौसम में जानवरों की प्यास बुझाने के लिए जैन समाज के सामयिक ग्रुप की महिलाओं द्वारा 101 नग जल पात्र (कोटना) नगर निगम को सौंपा गया। इस अवसर पर जैन मुनि विशुद्ध सागर ने मांगलिक सुनाकर जीव दया के इस शुभ कार्य के लिए सभी को साधुवाद दिया। महापौर रामू रोहरा, सभापति अखिलेश सोनकर, निलेश लूनिया, कुलेश सोनी, दीपक शर्मा सहित अनके गणमान्य लोगों ने गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया।

पीएमश्री शाला कठौली में समर कैंप की हुई शुरुआत

# सभी बच्चे समर कैंप का लाभ उठाए : गौकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली में 12 मई से समर कैम्प का शुभारंभ किया गया। पीएमश्री स्कूलों में शासन के आदेशानुसार समर कैम्प में बच्चों को खेल खेल में विभिन्न गतिविधियों को सिखाने के लिये कहा गया है। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली विकास खण्ड कुरुद में प्रथम दिन योगा व खेल, योग शिक्षक लोकेश कुमार द्वारा कराया गया। इसके साथ ही स्पोकन इंग्लिश प्रधानपाठक ललित साहू व कु. तुलसी द्वारा डांस, कु. गीतांजली साहू के द्वारा हारमोनियम, टिकेश्वर विश्वकर्मा व तबला प्रशांत नगारची के द्वारा सिखाया गया। बच्चों को पोहा के साथ जलेबी का नास्ता भी परोसा गया।

इस अवसर पर बच्चों को मार्गदर्शन देने के लिये जिला पंचायत धमतरी के उपाध्यक्ष गौकरण साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे समर कैंप का लाभ सभी बच्चों को अवश्य उठाना चाहिए। स्वास्थ्य से बड़ा धन कुछ नहीं है। तन और मन स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा तो बच्चे अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के साथ साथ में एक बड़ी सफलता हासिल करेंगे। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत कठौली डा. खेमराज साहू, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार निषाद, शिक्षाविद छबिलाल साहू, सदस्य अरूण साहू, शिक्षक ऋतुराज बसंत स्वीपर घनश्याम साहू व रसोईया अमृत निषाद उपस्थित थे। बड़ी संख्या में बच्चे व पालक भी शामिल हुए। बच्चों का यह कैम्प दस दिवस चलेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020